सार-समाचार

ढिगाल टोल बूथ पर घेराव और प्रदर्शन किया

झुंझुनूं, (निसं)। मंगलवार को डीवाईएफआई की नूआं पंचायत कमेटी ने ढिगाल टोल बूथ का घेराव किया व प्रदर्शन किया।मंडावा के सह संयोजक गोहर खान ने बताया कि ढिगाल टोल बूथ से नूआं पंचायत की दूरी मुश्किल से नौ किलोमीटर है। नूआं के साधन झुंझुनूं आते है तो वो ज्यादातर लिंक रोड पर ही चलते है। टोल रोड पर बहुत ही काम चलना होता है। इसके बावजूद टोल कंपनी के द्वारा मनमानी कर नूआं के साधनों के साथ लूट की जा रही है। इस बारे मे हमारे द्वारा बार बार टोल कंपनी को अवगत करवाया गया है। मगर कोई नतीजा नहीं निकला। इससे परेशान होकर मंगलवार को नूआं के ग्रामीणों ने डीवाईएफआई जिला महासचिव योगेश कटारिया व जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर के नेतृत्व में ढिगाल टोल का घेराव किया व नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा दो घंटे के लिए टोल को फ्री कर दिया गया। दो घंटे के बाद प्रशासन की मध्यस्थता मे टोल पदाधिकारियों की डीवाईएफआई नेताओं व ग्रामीणों के साथ वार्ता हुई। जिसमें नूआं गांव और नूआं के आस पास के गांवों के निजी वाहनों को टोल फ्री रखने पर सहमति बनने पर धरना समाप्त किया गया। इस दौरान माकपा नेता महिपाल पूनियां, डीवाईएफआई जिला महासचिव योगेश कटारिया, जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर, गोहर खान, साकिर खान नूआं, एसएफआई प्रदेश उपाध्यक्ष अनीश धायल, साबिर हीरा, साहिल कंकड़ेऊ, शाहिद खान, जुनैद कुरैशी, मोहमद समी, सोयब खान, रेहान खान, समीर, अरमान खान, दिनेश धाभाई, इमरान, सहबाज खान, बंटी, अहसान खान, असरफ, मुजाहिद, समीर, महताब, आकाश, बहादुर, इरफान, आरिफ, शंकर शर्मा, अतहर, जाहिद, आदिल, अमीर, सोयब, इमरान, साकिब, रमीज, सुनील व सैकड़ों की संख्या मे ग्रामीण शामिल हुए।

जीवन विज्ञान के त्रिदिवसीय कार्यक्रम का समारोहपूर्वक समापन

रतनगढ़ (निसं)। महाप्रज्ञ अलंकरण के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय जीवन विज्ञान कार्यक्रम का समापन मंगलवार को राजकीय प्रकाश उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में समारोहपूर्वक हुआ ।दीप प्रज्ज्वलन और अणुव्रत गीत से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विक्रमसिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यालय में प्रेरणादायी वातावरण निर्मित होता है तथा विद्यार्थियों में मानवीय गुणों का विकास होता है।अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने बताया कि आचार्य श्री तुलसी द्वारा मुनि नथमल को उनकी विशेष योग्यता और विलक्षण प्रज्ञा के कारण महाप्रज्ञ अलंकरण से विभूषित किए जाने के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विशेष रूप से जीवन विज्ञान विषय के प्रति जन जागरण पर बल दिया गया है । समापन समारोह के अध्यक्ष समाजसेवी मोतीलाल तातेड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आचार्य महाप्रज्ञ के जीवनदर्शन से प्रेरणा प्राप्त करने का आ ान किया । अणुव्रत समिति के निवर्तमान अध्यक्ष तेजपालसिंह गुर्जर ने आचार्य महाप्रज्ञ के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा जीवन विज्ञान और प्रेक्षाध्यान पर दिए गए अवदान को अनुपम बताया। इस अवसर पर रामचंद्र दायमा, प्रियंका गर्ग, मधुबाला टेलर, सुबेसिंह जाखड, असलम खान, नरेंद्र मंडार, उर्मिला चौधरी, सुशीला गाडगिल, पूजा इंदौरिया, संतोष शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।

शाकंभरी माता मंदिर की आधारशिला व भूमि पूजन कार्यक्रम की तैयारी बैठक

रतनगढ़ (निसं)। सिद्धपीठ श्री तालवाले बालाजी मंदिर के प्रांगण में सोमवार को शाकंभरी माता मंदिर की आधारशिला एवं दिव्य भूमि पूजन समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी आयोजन की विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की गई तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इसमें भाग ले सकें और माता शाकंभरी देवी की आराधना का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। शिक्षाविद अंबिका प्रसाद हारित समाजसेवी नंदकिशोर चाकलान ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य समाज की धार्मिक आस्था और जनभावनाओं से जुड़ा हुआ है, अत: प्रत्येक चरण में पारदर्शिता और सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।इस अवसर पर पूज्य गुरुजी सुधीर चौमाल ने बताया कि भूमि पूजन का शुभ मुहूर्त शीघ्र घोषित किया जाएगा। कार्यक्रम में कई संत-महात्मा, गणमान्यजन तथा श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। बैठक में मंदिर परिसर की साज-सज्जा, श्रद्धालुओं की सुविधा, पार्किंग व्यवस्था, प्रसाद वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक एकता और जनसंपर्क का प्रतीक होगा। सभी ने मिलकर आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लया।

सामुदायिक बैठक आयोजित कर ड्रेनेज व सीवरेज परियोजना के लाभ बताये

रतनगढ़ (निसं)। आरयूआईडीपी के अधिक्षण अभियन्ता राकेश शरण गर्ग के निर्देशन में व सहायक अभियन्ता सुरेन्द्र पाल सिंह के मार्गदर्शन में वार्ड नं.11 में सामुदायिक बैठक आयोजित कर आरयूआडीपी के जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ ने सीवरेज व ड्रेनेज परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इन परियोजना से होने वाले लाभ के बारे में बताया जिसमें बताया गया की सीवरेज परियोजना पुर्ण होने के बाद हमें कूई खाली नहीं करानी पडेगी व शौचालय, स्नानघर, रसोई के कनेक्शन होने के बाद नालीयां सूखी रहेगी जिससे स्वच्छता मे बेहत्तर बदलाव आयेगा ड्रैनेज परियोजना से जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी बताया गया की सीवरेज घरेलू कनेक्शन आरयूआडीपी की ओर से नि- शुल्क होंगे कनेक्शन के दौरान किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत सम्बंधित कर्मचारी को अवगत कराए तथा घर का व्यक्ति स्वयं खडा रहकर गुणवत्ता पुर्वक कार्य करायें आज बैठक में महावीर प्रसाद, युसफखां, अजयपाल, हरीश व शांति देवी, गंगा देवी सहित काफी संख्या मे महिला व पुरूष उपस्थित थे।

नेहा मोदी सीए बनीं

झुंझुनूं, (निसं)। शहर की मोदी रोड निवासी नेहा मोदी पुत्री अशोक कुमार एवं वीणा मोदी ने सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) फाइनल परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। नेहा मोदी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा झुंझुनूं से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने उच्च अध्ययन के लिए मुंबई का रुख किया। मुंबई में रहकर उन्होंने सीए की पढ़ाई के अंतिम चरण की तैयारी की और कठिन परिश्रम व समर्पण के बल पर फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त की। नेहा ने बताया कि इस सफलता के पीछे उनके परिवारजनों का सहयोग, सतत मार्गदर्शन और आत्मविश्वास का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि सीए जैसी कठिन परीक्षा में सफलता निरंतर अध्ययन, धैर्य और सही रणनीति से ही संभव है। उनके पिता अशोक कुमार मोदी आरटीआई एक्टिविस्ट हैं तथा कपड़ा व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। माता वीणा मोदी गृहिणी हैं। जिन्होंने सदैव उन्हें अध्ययन के लिए प्रेरित किया और हर कदम पर साथ दिया। नेहा की इस उपलब्धि पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने खुशी व्यक्त की है तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह आज

झुंझुनूं, (निसं)। आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन का दीपावली स्नेह मिलन और शपथ ग्रहण समारोह झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर होगा। एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. महेश कुमार झाझड़िया ने बताया कि पांच नवंबर बुधवार को नोबल आयुर्वेद हॉस्पिटल एंड पंचकर्म सेंटर चित्रकूट कॉलोनी रोड नं. तीन पर यह कार्यक्रम दोपहर सवा बारह बजे शुरू होगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी के सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे एवं जिले के आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों का दीपावली स्नेह मिलन होगा। एसोसिशन झुंझुनूं ने सभी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों से स्नेहपूर्ण उपस्थिति का अनुरोध किया है।

बिरसा मुंडा की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम

झुंझुनूं, (निसं)। जनजातीय गौरव वर्ष के तहत बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर जिले के समस्त राजकीय विद्यालयों में प्रार्थना सभा में बिरसा मुंडा की जीवनी के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जयदीप सिंह ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह पूरक विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया।

नि:शुल्क आरएससीआईटी कंप्यूटर कोर्स का अधिक से अधिक लाभ उठाएं : महावर

■ लाडसरिया चैरिटेबल ट्रस्ट में अतिथियों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

राजलदेसर (निसं)। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल सवर्धन योजना के तहत लाडसरिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नि:शुल्क प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद जयचंद महावर, पवन प्रजापत, कार्यक्रम के अध्यक्ष थाना प्रभारी कमलेश सैनी, विशिष्ट अतिथि पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहनलाल अर्जुन, ट्रस्ट के संरक्षक मंगलचंद दाधीच, महात्मा गांधी सीनियर सेकंडरी विद्यालय के प्रधानाचार्य नगराज प्रजापत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, भाजपा नेता शंकर लाल खडोलिया, पवन मारू, सेंटर मैनेजर जितेंद्र टाक के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री नारी प्रशिक्षण केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया उद्घाटन के बाद लाडसरिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद जयचंद महावर पार्षद पवन प्रजापत ने कहा राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति कौशल प्रशिक्षण केंद्र जो योजना नारी शक्ति के लिए शुरू की है निश्चित रूप में आने वाले समय में नारी शक्ति को इस प्रशिक्षण के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ मिलेगा कार्यक्रम में थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने कहा वर्तमान युग कंप्यूटर का है कंप्यूटर युग के अंदर अधिक से अधिक कंप्यूटर के अलग-अलग कोर्स सिख कर अपना हुनर तैयार करें बालक बालिकाएं साथ ही उन्होंने लाडसरिया चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतना शानदार प्रशिक्षण केंद्र यहां पर उपलब्ध है इसका कस्बे वासियों को अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा ने कहा सरकार का उद्देश्य है बालक बालिका एवं नारी शक्ति आत्मनिर्भर कैसे बने इसके लिए मातृशक्ति को इस संस्थान में आकर प्रशिक्षण केंद्र का लाभ उठाना चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत ने कहा कि इस योजना का मातृ शक्ति लाभ लेवे तथा अन्य महिलाओं को भी जागरूक करें। इस शानदार पहल के लिए लाडसरिया ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेंटर मैनेजर जितेंद्र कुमार ने लाडसरिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम में ट्रस्ट के संरक्षक मंगलचंद दाधीच ने भी आए हुए अतिथियों का आभार जताया एवं भविष्य में इसी तरह सहयोग प्रदान करने की कामना की कार्यक्रम में राजलदेसर युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच ने ट्रस्ट की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

उपस्थित अतिथियों ने आसकरण लाडसरिया का भी आभार जताते हुए कहा कि इस उम्र में भी गाँव के प्रति इतना प्रेम बहुत ही कम देखने के लिए मिलता है। इस अवसर पर पत्रकार विनोद भाटिया शिव भगवान सोनी शिक्षक दीनदयालमहावर शशिप्रकाश दाधीच सहित महिलाएं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम से पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को सम्मानित किया एवं गत वर्ष में केंद्र में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन अध्यापक दीनदयाल महावर ने किया।

गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

चूरू (निसं)। स्थानीय जैन श्वेताम्बर तेरापंथी उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद् की ओर से शिव चन्दा मेटल चूरू के प्रोपराइटर राकेश जांगिड़ के आर्थिक सौजन्य से 19 वें चरण का आयोजन किया गया। सचिव संदीप शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के प्रतिभाशाली विधार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान संस्कार जोशी, उन्नित सोनी, कार्तिक शर्मा, आर्यन खान, मनिषा शर्मा, केशव जांगिड़, सारिका कंवर का अभिनंदन किया गया तथा कार्यक्रम में विद्यालय के श्रेष्ठ शिक्षक लखेद्र सिंह, पंकज सैनी, पुरुषोत्तम महर्षि व भंवरी देवी को भी स्मृति चिन्ह, दुपट्टा व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिंदी माध्यम विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद जांगिड व अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड ने परिषद के सदस्यों का स्वागत करते हुए परिषद् द्वारा किए जाने वाले सेवा व संस्कार कार्यों की प्रशंसा की। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष उमेश चन्द्र चौहान ने परिषद् की गतिविधियों व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। राकेश जांगिड ने विद्यार्थियों को जीवन प्रयन्त धूम्रपान न करने व नारी का सम्मान करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा, कोषाध्यक्ष पवन कुमार जांगिड, पर्यावरण शाखा संयोजक पुनित लाटा, शाखा संयोजक सेवा देवेंद्र कुमार चंदेल, श्याम सुंदर भोजक, जगदीश धुंवा, विजय कुमार शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन निरंजन चोटिया ने किया।

जनजातीय गौरव दिवस मनाया

पाटन (निसं)। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय, पाटन में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में जनजातीय गौरव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. योगेश कुमार सबल ने की। इस अवसर पर डॉ. सबल ने बताया कि महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने जनजातीय समाज के भारतीय इतिहास, अर्थव्यवस्था, राजनीति, पर्यावरण और संस्कृति में योगदान को अपने कलात्मक कार्यों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

बेदखली सूचना

मैं, श्री उमीर सिंह पुत्र स्व. श्री रामकुमार एवं श्रीमती शर्मिला देवी पत्नि श्री उमीर सिंह निवासीगण गुंती, तहसील बुहाना जिला झुंझुनू (राज0) का रहने वाला हूं। मेरा पुत्र इन्द्रपाल तथा पुत्रवधु सुनीता को हमारा कहना सुनना न मानने के कारण अपनी सभी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके किसी भी कार्य, लेन देन के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

स्व.सूबेदार बीरबलसिंह की पुण्यतिथि मनाई

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित डिफेंस पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में संस्था के संस्थापक सूबेदार स्व. बीरबलसिंह की 20वीं पुण्य तिथि का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन व पुत्र डॉ. जीएल कालेर, डॉ. महावीर कालेर, निर्मल कालेर, डॉ. पंकज कालेर, इंजी. नवनीत, डॉ. विजय झाझड़िया, सावित्री कालेर, लक्ष्मी कालेर, डॉ. संगीता, कल्पना ने सूबेदार जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया और उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें शत-शत नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यालय में एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भारतीय संविधान, कला एवं संस्कृति, भूगोल, विश्व भूगोल, इतिहास, राजनीति और अन्य समसामयिक घटनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

चीन से लौटी रिंकू का सीकर में भव्य स्वागत, छात्राओं ने जश्न रैली निकाली

सीकर (निसं)। ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान, शिवसिंहपुरा की प्रतिभाशाली छात्रा रिंकू कुमारी के चीन (हांगकांग) से लौटने पर मंगलवार को शहर में भव्य स्वागत किया गया। रिंकू ने हाल ही में आयोजित चतुर्थ एशियन बेसबॉल गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। गौरतलब है कि वह इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान की एकमात्र खिलाड़ी रही हैं।

जैसे ही रिंकू नगर परिषद सीमा में पहुंचीं, कॉलेज स्टाफ, छात्राओं व संस्थान के पदाधिकारियों ने फूलमालाओं और जयघोषों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद गोकुलपुरा स्टैंड से कॉलेज तक डीजे की धुनों पर नाचती-गाती छात्राओं की रैली निकाली गई, जिसमें पूरे मार्ग पर उत्सव का माहौल छा गया। कॉलेज परिसर पहुंचने पर रिंकू के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जहां उन्होंने केक काटकर अपनी खुशी साझा की। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष झाबरमल, कोषाध्यक्ष रामनिवास मील, कार्यकारिणी सदस्य चिमन सिंह ढाका, भागीरथमल काजला, सह सचिव प्रभु दयाल ओला, कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. सुमाग जाखड़, अकादमी प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह, कोच मुन्नी चौहान और सहायक प्रशासनिक अधिकारी सोहनलाल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संगीता गर्वा ने किया। रिंकू कुमारी संस्थान की ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं। उन्होंने फुटबॉल व सॉफ्टबॉल में दो बार राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया है, जबकि गोला फेंक, तस्करी फेंक और कबड्डी में इंटर यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडलिस्ट रही हैं। रिंकू के पिता, जो भारतीय सेना में कार्यरत हैं, ने बताया कि उनकी बेटी बचपन से ही मेधावी रही है और वे हमेशा उसे शिक्षा के साथ खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। रिंकू ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों, कोच व संस्थान प्रबंधन समिति को दिया और बताया कि संस्थान के हॉस्टल वार्डन ने सदैव उन्हें अपनी बेटी की तरह संभाला। रिंकू ने संस्थान परिवार के सभी सदस्यों को अपने गांव में बुधवार को आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में सादर आमंत्रित किया।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

पाटन (निसं)। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक पाटन के सभी पीईईओ एवं सर्वेयर शिक्षकों का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पाटन के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री भंवर सिंह डुकिया ने की।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के प्रभावी संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को सक्षम बनाना एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा।डुकिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि साक्षरता कार्यक्रम को जन-जन तक पहुँचाना, व्यापक प्रचार-प्रसार करना तथा शिक्षकों और संबंधित कार्मिकों की क्षमता संवर्धन पर विशेष बल दिया जा रहा है।ब्लॉक साक्षरता समन्वयक शिम्भु दयाल स्वामी ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित गतिविधियों जैसे महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं वाचनालय संचालन, लर्नर्स सर्वे, सर्वेयर शिक्षकों और पीईईओ के दायित्वों पर विस्तृत जानकारी दी।एसीबीईओ महेश मीणा ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मूलभूत शिक्षा से जोड़कर उन्हें ज्ञान, कौशल एवं जागरूकता की मुख्यधारा में शामिल करता है।

वहीं एसीबीईओ ताराचंद ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सशक्त, क्षमता-आधारित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जा रहा है।प्रशिक्षण में दक्ष प्रशिक्षक दिनेश कुमार चौधरी एवं ओमप्रकाश चौधरी ने सहभागी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया।कार्यक्रम में नवीन टांक, उदय सिंह मीणा, निर्मला देवी सहित कुल 22 पीईईओ एवं 86 सर्वेयर शिक्षकों समेत कुल 108 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मनदीप और योगेश ने कीर्तिमान रचा

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के दो होनहार छात्रों मनदीप और योगेश ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फाउंडेशन परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय निदेशक निर्मल कलेर ने बताया कि इन दोनों छात्रों ने अपनी लगन, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से यह कीर्तिमान स्थापित किया है। मनदीप और योगेश ने न केवल यह कठिन परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की। बल्कि शानदार अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित

सीकर (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान सहित 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क कर नवाचार फॉर्म वितरित करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोग की मंशा है कि कोई भी वैध मतदाता छूटने नहीं पाये तथा ऐसा व्यक्ति जिसका मताधिकार नहीं है वह मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर यह भ्रांति है कि बहुत सारे कागज जमा करवाने होंगे।

'खेल व्यक्ति में अनुशासन, आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता को विकसित करता है'

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व लक्ष्मणगढ़ के उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने कहा कि खेल से व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता हैं।

एसडीएम मीणा यहां मंगलवार को पालीवाला एजुकेशन एंड रिसर्च ट्रेनिंग सोसायटी के चार दिवसीय 19वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने विधार्थियों व खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने तथा जीवन में खेलों के महत्व के बारे में रेखांकित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्याधर शर्मा सीबीईओ, महेन्द्र रूहेला अध्यक्ष निजी विद्यालय संघ,अशोक राव प्रधानाचार्य राजकीय सी.से.स्कूल अलखपुरा, शीशपाल महला सेवानिवृत्त पीटीआई, ओमप्रकाश जांगिड, विरेन्द्र खूडी, देवीलाल धाभाई एवं मनोहर सिंह पीटीआई उपस्थित रहे। समारोह में वॉलीबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच इंटर स्कूल श्रेणी में अलखपुरा व मानासी के बीच खेला गया। जिसमें अलखपुरा विजेता रही। अन्य मुकाबलों में श्री रधुनाथ स्कूल ने ऋषिकुल विद्यापीठ को हराया। ओपन श्रेणी में तोदी कॉलेज, हरसावा क्लब और दिशनाऊ टीम विजेता रही। इंटर आईटीआई वर्ग में पालड़ीवाला आईटीआई व करमाबाई राजकीय आईटीआई के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें करमाबाई आईटीआई ने जीत दर्ज की।

संस्थान के प्राचार्य राकेश मालवीय ने अतिथियों, शिक्षकों, खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। संचालन सुनिल कुमार गुर्जर ने किया।

पेस परीक्षा टॉपर एवं बेस्ट परफॉर्मर विद्यार्थियों को सम्मानित किया

झुंझुनूं, (निसं)। मोदी वर्ल्ड स्कूल विज्डम सिटी में मंगलवार को प्रार्थना सभा के पश्चात कक्षा नर्सरी से आठवीं के विद्यार्थियों को बेस्ट परफॉर्मर एवं कक्षा नौ से लेकर 12 तक के विद्यार्थियों को पेस एवं यूनिट टेस्ट तृतीय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा सम्मानित किया गया।

इस क्रम में कक्षा नौ में साक्षी यादव ने प्रथम, निधि सुलतानिया, मयंक झाझड़िया ने द्वितीय तथा भाविका एवं प्रज्ञा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में इशिका ने प्रथम, सान्वी ने द्वितीय तथा इकरा राइन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 विज्ञान वर्ग में साक्षी सुलतानिया, अक्षिता शर्मा, पार्थ शर्मा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वाणिज्य वर्ग में शौर्य ने प्रथम, तनिष कुमार ने द्वितीय तथा देवांश जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कला वर्ग में अर्पिता शर्मा ने प्रथम, सृष्टि पूनियां ने द्वितीय तथा निधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में 12वीं वाणिज्य में सक्षम केडिया ने प्रथम, युतिका केडिया ने द्वितीय तथा खुशी वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान वर्ग में तन्मय भारतीय ने प्रथम, चंचल टांईवाला ने द्वितीय तथा फरहीन खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में सुमित ने प्रथम, ऋतिका ने द्वितीय तथा सिमरन सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि मोदी वर्ल्ड स्कूल विज्डम सिटी में हर पेस परीक्षा के बाद विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करने तथा उनका हौंसला बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। कार्यक्रम के अगले चरण में कक्षा-नर्सरी से लेकर कक्षा-8 तक के विद्यार्थियों को अक्टूबर माह में किए गए रचनात्मक, अनुशासनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में नियमित उपस्थिति, व्यवहार, विद्यालय गणवेश, धारा-प्रवाह अंग्रेजी बोलना इत्यादि वर्गों में भी विद्यार्थियों को शानदार प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। इसमें आरव भाम्बू, शताक्षी, यश तंवर, परमेंद्र, हर्षित, आहिल, असाज, एकांश, निशांत, शौर्य, अधीरा, दुष्यंत, जतिन, रिसव, लावाण्य, कुनाल सिंह, नव्या, अयांश पायल एवं तेजस आदि का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा तथा सभी को मेरिट बैज लगाकर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है एवं प्रतिस्पर्द्धा भी बढ़ती है। हर परीक्षा के पश्चात परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह बना रहता है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं और ऐसे ही आयोजनों से मोदी वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले भर में सर्वाधिक संख्या में 90 और 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर उप-प्राचार्या सरोज सिंह, हेडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि सहित सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सिमरन एवं फरहीन ने किया।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 145/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री संजय थालोर पुत्र श्री राम थालोर निवासी राजस्थान पब्लिक सी. सैकै. स्कूल, चिड़ावा, झुंझुनूं ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत राजस्थान पब्लिक स्कूल समिति चिड़ावा झुंझुनू